BRAMPTON

**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने बढ़े हुए उपायों के साथ सर्दी के मौसम के लिए तैयारी कर ली है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (10 नवंबर, 2023) – चूंकि सर्दी का मौसम आ रहा है, इसलिए सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने वाहनों और उपकरण का अपना फ्लीट तैयार कर लिया है और इस सीजन हर समय कम्युनिटी को सुरक्षित रखने में मदद के लिए, नए बढ़े हुए उपाय पेश कर रही है।

**स्नो-साफ करने के लिए आर्थिक सहायता बढ़ाना**

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, साइडवॉक्स और ड्राइववेज से स्नो हटाने के काम पर किसी को रखने के खर्च में, बुजुर्गों और विकलांगों की मदद हेतु, अपने आर्थिक सहायता प्रोग्राम (Financial Assistance Program) का विस्तार कर रही है। इस साल से शुरू करते हुए, जो लोग किराये पर घर लेते हैं, वे प्रोग्राम के लिए आवेदन कर सकते हैं। योग्य आवेदकों को गैर-कॉर्नर लॉट वाली प्रॉपर्टीज के लिए 300 डॉलर तक और कॉर्नर लॉट वाली प्रॉपर्टीज के लिए 400 डॉलर तक की ग्रांट मिल सकती है।

योग्य उम्मीदवार यहां अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं: सिटी ऑफ ब्रैम्पटन (City of Brampton) | (रोड्स और ट्रैफिक (Roads and Traffic) | स्नो हटाने संबंधी आर्थिक सहायता (Snow Removal Financial Assistance)।

**सर्दी संबंधी इवेंट्स के दौरान स्ट्रीट्स को सुरक्षित और सुलभ रखना**

स्ट्रीट्स पर पार्किंग की अनुमति नहीं है और सर्दी के मौसम संबंधी इवेंट्स के दौरान यह लागू रहेगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि बर्फ हटाने वाले, नमक बिछाने वाले और एमरजेंसी वाहन सुरक्षित रूप से निकल सकें, वाहनों को हटाना आवश्यक है।

पार्किंग जुर्मानों में बदलाव

सड़कों पर पार्क किए गए वाहन, सर्दी के स्टॉर्म की इवेंट्स के दौरान प्रभावी रूप से बर्फ हटाने और स्नो हटाने की सिटी की क्षमता को प्रभावित करते हैं। सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने, स्नो हटाने और/सर्दी के प्रबंधन में बाधा डालने वाले वाहनों के लिए जुर्माना बढ़ाने हेतु, अपने एडमिनिस्ट्रेटिव मोनेट्री पेनल्टी सिस्टम (ए.एम.पी.एस.) बाइ-लॉ 333-2013 (Administrative Monetary Penalty System) (AMPS) By-Law 333-2013) में संशोधन किया है:

- पहला अपराध: 125 डॉलर
- दूसरा अपराध: 250 डॉलर
- अगले अपराध: 500 डॉलर

वाहन उठाने (टोइंग) में वृद्धि करना

इस समय, बाइ-लॉ एन्फोर्समेंट अफसर (By-Law Enforcement Officers), स्नो हटाने में बाधा डालने वाले वाहनों की जांच करते हैं, जुर्माना नोटिस जारी करते हैं और जब जरूरी हो, अवैध रूप से पार्क किए वाहनों को उठाने का प्रबंध करते हैं। 2023-24 के सर्दी के सीजन में नया नियम यह है कि, सिटी बर्फ हटाने के काम से पहले सड़कों की जांच करने के लिए स्टाफ नियुक्त करेगी, और, जब जरूरी होगा, टोइंग एन्फोर्समेंट गतिविधियों में सुधार करने के लिए, अवैध रूप से पार्क किए वाहनों को उठाने का प्रबंध करेगी।

**ब्रैम्पटन का स्नो प्लो ट्रैकर**

निवासी, www.brampton.ca/snow पर और 311 मोबाइल ऐप पर सिटी के प्लो ट्रैकर (Plow Tracker) का प्रयोग करते हुए देख सकते हैं कि कर्मीदलों ने कौन-सी सड़कें और साइडवॉक्स साफ की हैं। इस टूल का उपयोग करके, निवासी बर्फ हटाने की प्रगति, सड़क संबंधी प्राथमिकताएं देख सकते हैं और जान सकते हैं कि उनके आसपास बर्फ हटाने वाली मशीन आई है या नहीं, ताकि वे सड़क से अपने वाहन हटा पाएं। सेवा निवेदन भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

**संक्षिप्त तथ्य**

प्रत्येक वर्ष, सिटी निम्नलिखित से अधिक सर्दी की स्नो हटाती है और सर्दी संबंधी प्रबंधन करती है:

- 4,120 लेन किलोमीटर सड़कें,
- 1,015 किलोमीटर साइडवॉक, सिटी के मालिकाना हक वाली प्रॉपर्टीज के सामने,
- 2,556 ट्रांज़िट स्टॉप्स,
- 217 किलोमीटर रेक्रीएशन ट्रेल्स,
- 191 स्कूल क्रॉसिंग जगहें, और
- 86 सिटी फैसिलिटी पार्किंग लॉट्स।

सर्दी के मौसम संबंधी इवेंट्स के दौरान, कर्मीदल स्ट्रीट्स से तब बर्फ हटाना शुरू करते हैं, जब पांच सेंटीमीटर स्नो इकट्ठी हो जाती है। सिटी, सड़क संबंधी सुरक्षा को बढ़ाने के लिए, बड़े रोडवेज को साफ करने को प्राथमिकता देती है, जहां बड़ी मात्रा में वाहनों का ट्रैफिक होता है, उसके बाद अन्य लोकल सड़कों को साफ करती है।

एमरजेंसी की स्थिति में, निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे एक सुरक्षा किट के साथ कम से कम 72 घंटों तक के समय के लिए खुद हेतु या अपने परिवारों की देखभाल के लिए तैयार रहें।

पूरे परिश्रम के साथ काम करने वाली समर्पित टीम और नए उपायों के साथ, ब्रैम्पटन यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार है कि स्ट्रीट्स, साइडवॉक्स, ट्रांज़िट स्टॉप्स, रेक्रिएशनल ट्रेल्स और स्कूल क्रॉसिंग्स सुलभ और सुरक्षित रहें, जब स्नो और आइस हो।

**लिंक**

- [सिटी ऑफ ब्रैम्पटन (City of Brampton) | रोड्स और ट्रैफिक (Roads and Traffic) | स्नो हटाने के काम (Snow Clearing Operations)]

**हवाले**

“सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की टीम, यह सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात काम करती रही है कि हम इस सर्दी के सीजन में हमारी सिटी के मालिकाना हक वाली सड़कों, रास्तों, चौराहों, पार्किंग लॉट्स और रेक्रिएशनल ट्रेलों को सुरक्षित और सुलभ रखने के लिए तैयार हैं। हमारे पास यह सुनिश्चित करने के लिए सोची-समझी और बहुत बढ़िया जवाबी योजना है कि हमारी सिटी इस सीजन में सुरक्षित रूप से मूव कर सकती है, एमरजेंसी और ट्रांज़िट वाहनों सहित। हम जानते हैं कि सर्दी के लिए तैयारी एक सामूहिक प्रयास है और आपके सहयोग से, हम इस सीजन को सभी के लिए अधिक सुरक्षित बना सकते हैं।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हमारी टीम के स्नो साफ करने के प्रयास, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन में सबसे बड़े कामों में से एक हैं। प्रत्येक वर्ष, हम सभी निवासियों के लिए सर्दी का सुरक्षित सीजन सुनिश्चित करने के लिए दुबारा प्रतिबद्ध होते हैं, जिस कारण इस वर्ष हम बढ़े हुए उपाय पेश कर रहे हैं, जैसे स्नो हटाने के लिए सहायता तक बढ़ी हुई पहुंच और स्नो साफ करने के काम के दौरान स्ट्रीट्स को पार्क की हुई कारों से मुक्त रखने के अधिक मजबूत प्रयास। जब हम आपके लिए रास्ता साफ करते हैं, तो हमें जरूरत होती है कि प्रत्येक नागरिक, साइडवॉक्स को साफ करने, स्ट्रीट से पार्क की गई कारों को हटाने, पड़ोसियों का ध्यान रखने और सावधानी से ड्राइव करने में अपनी भूमिका निभाए। हमारे सामूहिक प्रयासों के द्वारा, हम सभी के लिए अधिक सुरक्षित सीजन को सुनिश्चित कर सकते हैं।”

- *पॉल विसेंट (Paul Vicente), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, पब्लिक वर्क्स कमेटी, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“हमारा समर्पित स्टाफ, सिटी के व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर को कायम रखने के लिए बिना थके लगातार काम करता है और इसमें शामिल है, हमारी कम्युनिटी की सुरक्षा, खुशी और सुलभता को सुनिश्चित करने के लिए, सर्दी के मौसम संबंधी स्थितियों पर प्रतिक्रिया करना। सर्दी के इस सीजन में, टीम ब्रैम्पटन, हमारी सिटी को अच्छी तरह से चलते रहने और हमारे निवासियों को उन चुनौतियों, जो सर्दी में आ सकती हैं, से अच्छी तरह सुरक्षित रखने के लिए तैयार और प्रतिबद्ध है। "

- *मार्लोन कैलीडीन (Marlon Kallideen), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 90,000 से अधिक कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca